# कब आओगे मुरलिया वाले | by Sona Jadhav

तेरी प्रेम पुजारन रस्ता देखे
कब आओगे मुरलिया वाले
एक तेरी जोगन राह निहारे
कब आओगे मुरलिया वाले

आती जाती सांस ये मेरी निशदिन फेरे माला तेरी
कहाँ लगाईं तूने देरी ओ मेरे नटवर प्यारे
कृष्णा ............
कब आओगे मुरलिया वाले

कोई कहे मुझको दीवनी कोई कहे कहे मुझको मस्तानी
मैंने तो अपनी ज़िंदगानी कर दी नाम तुम्हारे
कृष्णा ............
कब आओगे मुरलिया वाले

माना मैं हूँ एक गवारन आन गांव की एक बंजारन
जैसी भी हूँ मेरे मोहन मुझको तू अपना ले
कृष्णा ............
कब आओगे मुरलिया वाले

लगी मेरी अब तुझपे बाज़ी जिसमे तू राज़ी मैं राज़ी
लगी मेरी अब तुझपे बाज़ी तेरी रजा में मैं हूँ राज़ी
जीवन नैया ओ मेरे मांझी कर दी तेरे हवाले
कृष्णा ............
कब आओगे मुरलिया वाले

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%95%e0%a4%ac-%e0%a4%86%e0%a4%93%e0%a4%97%e0%a5%87-%e0%a4%ae%e0%a5%81%e0%a4%b0%e0%a4%b2%e0%a4%bf%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a5%87-by-sona-jadhav/